भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश - अप्रैल 2024

माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:

1. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:

1.1 एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों) को संचालनरत करने के संशोधित लक्ष्य के मुकाबले दिनांक 30.04.2024 तक, 1,72,823 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) संचालनरत किए गए हैं, इन एएएम पर 267.79 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का आगमन हुआ है। दिनांक 30.04.2024 तक, योग सहित 3.53 करोड़ आरोग्य सत्र आयोजित किए गए, 75.65 करोड़ उच्च रक्तचाप की जांचें, 66.50 करोड़ मधुमेह की जांचें, 45.07 करोड़ मुख कैंसर की जांचें, 20.75 करोड़ स्तन कैंसर की जांचें, 13.80 करोड़ सर्वाइकल कैंसर की जांचें की गई और 22.76 करोड़ टेलीकंसल्टेशन आयोजित किए गए हैं। रिपोर्टिंग माह में 675 एएएम को नए सिरे से चालू किया गया है।

1.2 राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत, 17 चिह्नित राज्यों में कुल 2,90,36,911 व्यक्तियों की जांच की गई है और दिनांक 30.04.2024 तक कुल 1,06,26,568 सिकल सेल कार्ड वितरित किए गए थे। रिपोर्टिंग माह में, सिकल सेल एनीमिया के लिए 27,00,930 व्यक्तियों की जांच की गई है।

1.3 प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं का पूर्ण प्रावधान कराकर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम-जनमन के तहत, 30 अप्रैल, 2024 तक 16 राज्यों के पीवीटीजी क्षेत्रों में 476 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के लक्ष्य के मुकाबले 400 एमएमयू संचालनरत हैं।

2. विविध:

2.1 एनईईटी-पीजी 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र और सूचना बुलेटिन दिनांक 16.04.24 को एनबीईएमएस वेबसाइट पर जारी किया गया है। परीक्षा 23 जून, 2024 को आयोजित की जानी है और नीट पीजी 2024 में भाग लेने की पात्रता के उद्देश्य से इंटर्नशिप पूरा करने की कट-ऑफ तिथि 15 अगस्त, 2024 रखी गई है।

2.2 सभी कॉलेजों/संस्थानों द्वारा वार्षिक घोषणा पत्र जमा करने की तिथि 25 अप्रैल, 2024 तक बढ़ा दी गई थी।

2.3 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दिनांक 26.04.24 की अपनी सार्वजनिक सूचना के तहत गूगल फार्म के

माध्यम से मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल छात्रों और संकाय का ऑनलाइन सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया है जिसमें मेडिकल छात्रों/संकायों की प्रतिक्रिया दर्ज की जाएगी।